कोहरा छाया रहने से जनजीवन प्रभावित, कम दृश्यता से वाहन चालक हुए परेशानी

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। शहर सहित जिले में पिछले चार दिनों से लगातार बदलते मौसम के कारण जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा है। पहले बारिश और अब घने कोहरे के कारण लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। आज सवेरे से ही शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रो में घने कोहरा होने से सडक पर विजीबलीटी कम होने से वाहन धारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण रेल और बस यातायात भी प्रभावित हुआ। गुरूवार को बड़े सवेरे तक कोहरे के हालत बने रहे। वही दूसरी ओर सर्दी के पारे में लगातार गिरावट से लोगों को ठिठुरते हुए देखा गया, जिससे बचाव के लिए लोग गर्म वस्त्रो में लिपटे रहने के साथ ही कई जगह आलाव का सहारा लेते नजर आये। इधर निम्बाहेड़ा क्षेत्र में कोहरे के कारण धीनवा गांव के निकट निजी बस ने एक ट्रेक्टर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रेक्टर के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

कोहरे की आगोश में शहर।

खेरोदा। कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों में विगत 3-4 दिनो से सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। कस्बे में गुरुवार को अल सुबह से ही कोहरा छाया रहा जो सुबह 10 बजे तक रहा। जिससे ग्रामीणों सहित आने जाने वाले राहगिरो को आवागमन में सड़कों पर विजिबिलिटी भी कम हो गई। विजिबिलित कम होने से वाहन चालकों को गाड़ी की हैडलाइट चालू कर निकल रहे थे। वहीं सर्द हवाओं व कोहरे से ठिठुरन भी बढ़ गई है व जनजीवन प्रभावित रहा। सर्द हवाओं से बचने के लिए जगह जगह ग्रामीण अलावा तापते हुए भी दिखे गए। घरों में सर्दी के अनुष्ठान बनते दिखे गए।

आकोला। क्षेत्र के सहित आसपास गांव में तीन दिनों से बादलों घने कोहरे छाये रहे। वहीं दिन में भी वाहनों की लाइट जलानी पड़ रही है। आसमान में काले बादल छाए रहने से सवेरे से लेकर दोपहर तक लुफा छुपी का दौर चला रहा।

लावासरदारगढ़। मावठ के दौरान कस्बे में गुरुवार सवेरे भारी कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दो चचेरे भाइयों सहित तीन लोगों पर लाठियों से हमला

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले के भवानीपुरा कालबेलिया बस्ती में दो चचेरे भाइयों सहित तीन लोगों पर कुछ लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। हमलावर नशे की हालत में थे। इसे लेकर हमीरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जगदीशपुरा, बीलियाकलां निवासी नारायण पुत्र रामचंद्र कालबेलिया ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले 10-15 दिन से परिवार सहित ननिहाल भवानीपुरा में रहकर मजदूरी कर रहा है। ननिहाल के डेरे पर उसका भाई शंकर लाल, चचेरा भाई ईश्वर व शंकर का साला सुरेश निवासी कोशीथल परिवादी से मिलने आये थे। इस दौरान भवानीपुरा कालबेलिया डेरा निवासी मदन पुत्र मगना कालबेलिया, अर्जुन पुत्र श्रवण कालबेलिया व भीम पुत्र मगना कालबेलिया ने शराब के नशे मे डेरे पर आये और गाली-गलौच की। तीनों ने लाठियो से शंकर लाल , चचेरे भाई ईश्वर व सुरेश से मारपीट की। इससे तीनों को चोटें आई। परिवादी ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

खेरोदा में खेड़ाखूंट माताजी के मंदिर पर चोरों ने दानपात्र तोड़कर चुराई भेंट राशि

खेरोदा (प्रातःकाल संवाददाता)। उदयपुर जिले के भींडर उपखंड क्षेत्र के खेरोदा कस्बे में चोरों ने खेड़ाखूंट माताजी के मंदिर पर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दानपात्र तोड़कर उसमें रखी भेंट राशि चोरी कर ली। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा खेरोदा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के गांधी चौक में स्थित खेड़ाखूंट माताजी के मंदिर पर अज्ञात चोरो वारदात को अंजाम दिया। चोरों द्वारा अपने साथ लेकर आए औजारों से मंदिर के बाहर लगे दानपात्र का ताला तोड़कर अंदर रखी करीबन 30 हजार रुपए की भेंट राशि चोरी कर ली। ग्रामीणों को खेड़ाखूंट माताजी के मंदिर के दानपात्र का ताला टूटा हुआ देखकर चोरी का पता चला। माताजी के मंदिर पर चोरी की वारदात होने के बाद बड़ी तादाद में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बताया की मन्दिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रहती है। जिससे मंदिर के दानपात्र में करीबन 30 हजार की राशि चोरी होने का अनुमान है। ग्रामीणों की सूचना पर खेरोदा थाना पुलिस के हैंड कांस्टेबल महेंद्र सिंह सहित जाब्ता ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। वही ग्रामीणों द्वारा अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए अग्रिम जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चोरी के बाद ग्रामीणों की जमा हुई भीड़

खेरोदा। मंदिर प्रांगण के बाहर टूटा हुआ दान पात्र। बुद्धि प्रकाश पाराशर

श्री बालाजी महाराज के मंदिर के अष्टम वर्षगांठ कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरणों में

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला मुख्यालय के 100 फीट रोड स्थित बालाजी महाराज के मंदिर के अष्टम वर्षगांठ पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर परिसर के मुख्य द्वार पर नए गेट का निर्माण का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। गुरुवार शाम को मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय संत पंडित मिथिलेश नागर मुखारविंद से सुंदरकांड का पाठ किया गया। शुक्रवार को ठाकुरजी की शोभा यात्रा बजे निकल जाएगी। शोभायात्रा में छप्पन भोग सामग्री भी लाई जाएगी। शोभा यात्रा शहर के मालीवाडा से प्रारंभ होगी जो शहर के मुख्य मार्ग होते हुए 100 फीट से बजरंग चौराहा पहुंचेगी। संध्याकाल को भजन गायक गौभक्त संत प्रवर प्रकाशदास महाराज द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को प्रात: 6 बजे पूजन हवन एवं 11 बजे पूर्ण आहुति एवं ध्वजा का कार्यक्रम आयोजित होगा। उसके पश्चात महा आरती की जाएगी। महाआरती के पश्चात 15 हजार भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के भक्त जन भाग लेंगे।

राजसमंद। बनास नदी के पास बने एनीकट के ऊपर से बह रहा पानी।

बे मौसम बारिश ने बढ़ाया बनास का जलस्तर, फसल को फायदा

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे के पास से होकर गुजरने वाली बनास नदी में बे मौसम बारिश (मावठ) के चलते बनास नदी में पानी की आवक शुरू हो गई। गौरतलब है कि क्षेत्र में तीन-चार दिन पहले बे मौसम बारिश के होने से किसानों को खेतों में लगी फसल को पहली पान का फायदा हो गया। वहीं बनास नदी में पानी की आवक शुरू हो गई। गुरुवार को मोही में बनास नदी के पास बने एनीकट के ऊपर चादर चलने लग गई। शीत ऋतु में बनास नदी में पानी को देखने लिए ग्रामीणों का तांता लग गया।

नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास व 21000 जुर्माना

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला पॉक्सो न्यायालय न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर व धमकाकर ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 21,000 रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने बताया कि 14 सितम्बर 2018 को पीड़िता के पिता ने थानाधिकारी पुलिस थाना केलवा के समक्ष उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश की कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कल घर से गांव के सरकारी अस्पताल में गई थी तथा काफी देर तक वह घर पर नहीं आई तब उसके मोबाइल पर फोन लगाया तो फोन भी बंद होना बताया। गांव आसपास इलाकों में व रिश्तेदारी तथा पड़ोसियों के यहां ढूंढा पर उसका कोई पता नहीं चला। इस रिपोर्ट पर पुलिस थाना केलवा द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर जिला पॉक्सो न्यायालय में आरोपी राजेंद्र सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय में राज्य सरकार व पीड़िता की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने 19 गवाह तथा 31 दस्तावेज न्यायालय में पेश किए। न्यायालय में पीड़िता ने कथन किया की घटना वाले दिन वह उसके अंकल के लड़के का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए हॉस्पिटल गई। जहां राजेंद्र सिंह आया और उसे भीम में मेला दिखाने के लिए बोला जिस पर उसने मना कर दिया तो राजेंद्र सिंह उसका मुंह बांधकर, जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बिठाकर लेकर गया। वह उसे भीम नहीं ले जाकर ब्यावर लेकर गया। जहां से राजेंद्र सिंह उसे बस में बिठाकर अपने रिश्तेदार के घर दिगी ले गया जहां उसके साथ मारपीट की। वहां दो-तीन महीने तक पीड़िता को एक कमरे में बंद करके रखा और उसके साथ जबरदस्ती की। फिर वापस ब्यावर लेकर आ गया व उसे अपने रिश्तेदार के यहां छोड़कर ट्रक चलाने चला गया। ब्यावर में राजेंद्र सिंह के रिश्तेदार के यहां पर पुलिस आई और उसे पुलिस थाने पर लेकर आए। राजेंद्र सिंह ने उसके साथ बलात्कार किया। जिससे उसके गर्भ ठहर गया तो उसने न्यायालय के आदेश से उदयपुर अस्पताल में गर्भपात भी करवाया। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात अभियुक्त राजेंद्रसिंह पुत्र किशनसिंह निवासी रोहिडा खेड़ा, अजमेर को दोषसिद्ध घोषित किया। पॉक्सो न्यायालय द्वारा आरोपी राजेंद्र सिंह को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 21,000 जुर्माने की सजा से दंडित किया गया। साथ ही न्यायालय ने पीड़िता को 2,00,000 प्रतिकर राशि बतौर क्षतिपूर्ति दिलाए जाने का आदेश प्रदान किया।

राजसमंद। न्यायालय में सजा सुनने के बाद पुलिस कार्मिकों के साथ मौजूद आरोपी।

पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने शनिमहाराज के दर्शन किए

कपासन (प्रातःकाल संवाददाता)। पूर्व यूडीएच मंत्री तथा निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद कृपलानी ने गुरुवार को मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल शनिमहाराज मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त किए। कृपलानी का शनिमहाराज मंदिर के पुजारी निलेश गिरी गोस्वामी, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कालूराम लोंदा, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राजू वैष्णव, ओम गिरी गोस्वामी, नरेंद्र विजयवर्गीय आदि ने उपरना ओढ़ाकर तथा भगवान शनिदेव की छवि भेंट कर स्वागत किया।

मिराज सीएमडी पालीवाल के पुत्र विवाह की खुशी में श्रीजी प्रभु में छप्पन भोग मनोरथ आज

नाथद्वारा (प्रातःकाल संवाददाता)। प्रदेश के जाने माने उद्योग समूह मिराज के सीएमडी मदन पालीवाल द्वारा शुक्रवार को श्रीजी प्रभु की हवेली में छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन होगा। मिराज सीएमडी पालीवाल के पुत्र व समूह के वाईस चैयरमेन मंत्रराज पालीवाल के विवाह के उपलक्ष्य में मनोरथ होगा। मनोरथ पर श्रीजी प्रभु को विशेष श्रृंगार धराया जाएगा वही विविध प्रकार के प्रसाद धराये जाएंगे। वहीं शुक्रवार शाम को नगर के दामोदरलाल स्टेडियम लाल बाग में क्षेत्रवासियों के लिए छप्पन भोग महाप्रसादी होगी जिसमें जाने माने कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

खेर की लकड़ियों के अवैध परिवहन करते दो गिरफ्तार

धरियावद (प्रातःकाल संवाददाता)। सीता माता वन्य जीव अभ्यारण धरियावद की गस्ती टीम ने गुरुवार तड़के गस्त नाकेबंदी के दौरान खेर की लकड़ी के अवैध परिवहन करते पिकअप सहित दो आरोपियों को पकड़ा। क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार ओदिच्य के अनुसार उपवन संरक्षक सोनल जोरिहार वन्यजीव चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार धरियावद अभ्यारण्य क्षेत्र की सघन गस्त के दोरान क्षेत्र के पांचागुड़ा नाकेबंदी के दौरान तड़के सुबह 3 बजे एक पिकअप तेज गति से आते देखी जिसे गस्ती टीम ने रुकने का इशारा किया लेकिन गस्ती टीम को देखकर पिकअप चालक ने पिकअप को तेज गति से भाग दिया बाद गस्ती टीम ने कुछ दूर पीछा कर फिल्मी स्टाइल में पिकअप को पकड़ा। बाद पिकअप की जांच तलाशी के दौरान पकड़ा उसमे खैर के ताजा छिले गट्टे 95 नंग मिले। इसके बाद विभाग ने पिकअप चालक सुलिया चौकी निवासी फिरोज हुसेन एवम उसके साथी मध्यप्रदेश मंदसौर धुंधडका निवासी सलमान खान को गिरफ्तार कर अनुसंधान प्रारंभ किया। गस्ती टीम में वनपाल सोहन लाल भील, किशोर सिंह, वनपाल वनरक्षक विजयराज सिंह चौहान, नारायण लाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

रामदेवजी का चबूतरा बनाने से रोका, जातिगत अपमानित कर दंपती से की मारपीट

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। कारोई कलां गांव में कुछ लोगों ने एक दंपती को न केवल रामदेवजी का चबुतरा बनाने से रोका, बल्कि जातिगत अपमानित कर उनके साथ मारपीट भी की। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकाय दी। इसके बाद कारोई पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। कारोई पुलिस के अनुसार, कारोई कलां निवासी मंजू पत्नी नारायण ढोली ने कारोई निवासी जगन्नाथ गाडरी, किशन पुत्र जगन्नाथ गाडरी, गोरधन पुत्र जगन्नाथ गाडरी, रमेश पुत्र जगन्नाथ, सीमा पत्नि किशन गाडरी, प्रेमी पत्नि गोरधन गाडरी, मान्या पत्नि रामेश्वर गाडरी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। मंजू ने रिपोर्ट में बताया कि वे, मकान के पास रामदेवजी का चबुतरा बना रहे थे। आरोपितों ने जातिगत अपमानित कर चबुतरा बनाने से रोक दिया। इसके चलते परिवादिया व उसका पति घर में चलजे गये। इसके बाद आरोपितों ने मकान में प्रवेश कर परिवादिया व उसके पति के साथ मारपीट की। लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद परिवादिया जब रामदेवजी के चबुतरे पर पत्थर जमा रही थी, तभी ये आरोपित वहां आये औरजातिगत अपमानित करते हुये परिवादिया को डायन कहकर अपमानित किया और कहा कि चबुतरा नहीं बनाने देंगे। आरोपितों ने मकान में घुसकर दरवाजा तोड़ दिया और जान से मारने, भुखण्ड का कब्जा छोड देने की बात कहते हुये धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो कुएं और पनघट का पानी बन्द करवा गांव भी छुडवा देंगे। पुलिस अधीक्षक ने इस शिकायत पर केस दर्ज करने के कारोई पुलिस को आदेश दिये। इसके बाद कारोई पुलिस ने एससीएसटी एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) द्वितीय उत्तर पश्चिम रेलवे, उदयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऐसी एजेंसियों से, जो निर्धारित अर्हकता पूरी करते हों, उनसे दो पैकेट सिस्टम के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:- **1. निविदा सूचना संख्या: NWR-SC-PSSA-NDT-DOHM-GC-T-9 2. कार्य का नाम स्थान सहित:** Project Supervision Services (PSS) for various construction sites/sections for Nathdwara - Devgarh Madariya Gauge Conversion Project being executed by Construction Organisation in the jurisdiction of Ajmer Division of North Western Railway. **3. कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,53,82,192.00 **4. जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 3,26,900.00 **5. ई-निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** 27.12.2023 up to 15.00 बजे तक **6.वेबसाइट का विवरण जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है: www.ireps.gov.in 7. कार्यालय ई-मेल का पता: dyce02udz@gmail.com** संख्या: NDT-DOHM-GC-T-9/PSS दिनांक: 27.11.2023 1220-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

सांवलिया सेठ को छप्पन भोग धराया

एक किलो चांदी भी भेंट की

मंडफिया। छप्पन भोग लेकर मंदिर जाते भक्तजन। - हनुमान प्रसाद शर्मा

मंडफिया (प्रातःकाल संवाददाता)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग धराया गया। जानकारी के अनुसार मंडफिया निवासी मनोज कुमार कोठारी पुत्र चतुर्भुज कोठारी की ओर से अपने सुपुत्र शुभम कोठारी के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं विभिन्न प्रकार के फलों का छप्पन भोग धराया गया। इससे पहले कोठारी परिवार के निवास स्थान से भक्तजन बैंड बाजे के साथ नाचते गाते छप्पन भोग सिर पर एवं हाथों में लिए भव्य जुलूस के साथ भगवान सांवलिया सेठ के मंदिर में पहुंचकर छप्पन भोग धराया। मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत में प्रदान किया। इस मौके पर छप्पन भोग का प्रसाद सभी भक्तों को वितरण किया गया। कोठारी द्वारा भगवान सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग के साथ एक किलो वजनी चांदी की सिलिया एवं नगदी रुपए भेंट किए गए। छप्पन भोग जुलूस में सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सूरजमल कोठारी, अशोक कुमार कोठारी, मनोज कुमार कोठारी, नितिन कोठारी, भेरूलाल जारोली, राधेश्याम कौशल, तिलकराज जारोली, मनोहर लाल गदिया, राजमल नपावलिया, जीवन सोनी, महावीर रांका, जीवन मोगरा, राजकुमार गांधी, कोमल कोठारी, राकेश कोठारी, पिंटू कोठारी, पंकज कोठारी, अनिल कोठारी, अर्पित कोठारी, अनुराग कोठारी सहित राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात एवं महाराष्ट्र से आए सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई -400059, भारत

शाखा कार्यालय : ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001

शाखा कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, ए-ब्लॉक, दुकान नंबर 8, एस.के. प्लाजा, एयरटेल के ऊपर, पुर रोड, भीलवाड़ा-311001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/ प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह कर्जदारों के नाम/ गारंटर/ कानूनी वारिस ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि और समय
ए	बी	सी	डी	ई	एफ	जी
1.	कैलाश वैद (उधारकर्ता) आशा वैद (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं. LHUDP00001289806	35, कलड़वास, गिर्वा, उदयपुर, राजस्थान 313001	रू. 19,25,637/- 23 नवम्बर 2023	रू. 9,52,560/- / रू. 95,260/-	11 दिसम्बर 2023 सुबह 11 से 3 बजे तक	19 दिसम्बर 2023 दोप. 2 से 3 बजे तक
2.	गजेन्द्र सिंह (उधारकर्ता) शान्ता कंवर (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं. LHUDP00001321652	फ्लैट नं. 4-305, थर्ड फ्लोर, ब्लॉक नं. 04, आसान होम्स, खसरा नं. 2815मी. 3613/2815, 2816, उदयपुर, (राजस्थान)	रू. 5,33,624/- 23 नवम्बर 2023	रू. 7,15,838/- / रू. 71,590/-	11 दिसम्बर 2023 सुबह 11 से 3 बजे तक	19 दिसम्बर 2023 दोप. 2 से 3 बजे तक
3.	राजेश कुमार काबरा (उधारकर्ता) स्वाति काबरा (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं. LHBLW00001393186 & LHBLW00001393185	पट्टा नं. 05 एवं 01, हाईवे रोड के पास, ग्राम भदाली खेड़ा ग्रा. पं. अराजिया पं. स. सुवाणा जिला भीलवाड़ा, राजस्थान- 311401	रू. 21,79,634/- 23 नवम्बर 2023	रू. 20,91,567/- / रू. 2,09,160/-	11 दिसम्बर 2023 सुबह 11 से 3 बजे तक	19 दिसम्बर 2023 दोप. 2 से 3 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को **18 दिसम्बर 2023** को **शाम 5:00 बजे** से पहले कुल देय राशि को और ब्याज के साथ भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई अनुसार) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001 में 18 दिसम्बर 2023 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001 में 18 दिसम्बर 2023 को शाम 05:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) **उदयपुर, भीलवाड़ा** में देय **"आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी"** के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 022-69974300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें ।

दिनांक : 01 दिसम्बर, 2023
स्थान : उदयपुर, भीलवाड़ा

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड